गुलबर्गाः कर्नाटक के गुलबर्गा में ईश्वरीय विश्वविद्यालय एवं शरणबसव विश्व विद्यालय के तत्वावधान में एक दिवसीय सम्मेलन का आयोजन अमृत सरोवर रिट्रट सेण्टर में किया गया था। सम्मेलन के दो दिन पूर्व प्रेस मीट रखी गई थी जो कि बहुत सफल रही। इस सम्मेलन में शरणबसव विवि एवं सम्बंधित महाविद्यालयों से 500 प्रोफेसर एवं पी जी के 450 कि स्कोलर्स ने भाग लिया। शरणबसव विवि के प्रो वाईस चान्सलर डॉ वी डी मैत्री, रजिस्ट्रार डॉ अनिल बिडवे, फाईनान्स विभाग के मुखिया डॉ किरण माका ने भी सारा दिन सम्मेलन में रहे। साथ ही विश्वेश्वरय्या विश्वविद्यालय के रिजीओनल निर्देशक डॉ बसराजा गादगे, गुलबर्गा विवि के वाइस चान्सलर डॉ बसवराज अगसर तथा केन्द्री वि वि के वाइस चान्सलर डॉ बट्टु सत्यनारायण जी ने भी सारा समय उपस्थित रह अपने विचार व्यक्त किये।

सम्मेलन के प्रारम्भ में पूर्व सेना प्रमुख जनरल विपिन रावत को श्रद्धांजली दी गई। कुमारी तनुश्री,कुमारी अम्बिका एवं कुमारी तनुप्रिया ने अपने नृत्य से सर्व का स्वागत किया। दैवी परिवार से रा यो बी के डॉ मृत्युंजय भाई, बी के सुमन बहन मधुबन से, मैसूर से बी के लक्ष्मी बहन जी, बी के प्रेम भाई, बी के विजया दीदी ने भी भाग लिया।

सवेरे 11.00 से 2.00 और 3.30 से 5.30 तक दो सेशन रखे गये थे। सबको ब्रह्माभोजन एवं 5.00 बजे चाय दी गई।

डिविजनल लेवल के सर्व न्यूज पेपर्स में फोटो सहित समाचार छपा

दूसरे दिन रविवार को पाँच साल से अधिक वर्षोंसे पवित्र गृहस्थ जीवन यापन करने वाले युगलों का सम्मान समारम्भ रखा गया था। जिसमें 108 युगलों को सम्मानित किया गया। एक हजार से भी ज्यादा परिवार जनों ने समारम्भ का लाभ लिया। कार्यक्रम सवेने 11.00 बजे से तीन बजे तक रहा। यह समाचार भी सभी समाचार पत्रों फोटो सहित छपा।